1-JAN-JSP-BHOOMI-pg-1_Layout 1 1/1/2024 8:00 PM Page 1

हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 2 जनवरी 2024
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 14.2 डिग्री
न्यूनतम 10.2 डिग्री

4 गांजा व शराब तस्करों पर जिला पुलिस भारी



स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय
सागर (म.प्र.)
प्रवेश प्राप्त करने का अंतिम अवसर
B.Ed D.Ed
नोट: शासकीय तथा अशासकीय टीचर जो जॉब में रहकर Part Time (Distance) B.Ed करने का सुनहरा अवसर
सम्पर्क : ज्ञानदीप एकेडमी अम्बिकापुर
पुराना बस स्टैण्ड के पास
मोबा.- 8839281593, 9174881569

## उमंग के साथ नए वर्ष का लोगों ने पिकनिक मनाकर किया स्वागत



**पत्थलगांव।** नए साल 2024 की सुबह से ही लोग नई उमंग के साथ अपने-अपने दोस्तों व परिवार वालों के साथ मन्दिर व पिकनिक स्पॉट पहुंच रहे थे। इस दौरान बाजारों सन्नाटा था। लोगों ने घर से नास्ता खाना बना कर किलकिला मंदिर से लेकर महेशपुर, खम्हार पाकुट डेम, तमता के पास के डेम और अन्य जगहों पर पिकनिक मनाने पहुंचे रहे थे। पहले किलकिला मन्दिर में भोले नाथ की पूजा कर अपने व अपने परिवार के लिए खुशियों की कामना की। फिर वहीं नदी के किनारे बैठ कर नास्ते का लुफ्त उठा रहे थे। इस तरह लोग अपने परिवार के साथ नए साल को सेलिब्रेट किया। मंदिरों में भी खासी भीड़ देखी गई। सुबह से ही अपने अपने तरीके से पिकनिक मनाने के लिए अपने-अपने साधन से लोग नदी किनारे या जंगलों में पहुंचे रहे थे। ज्यादातर लोग ने नए साल की मंगल बेला में खूब खुशियां बटोरी व अपने घर के बड़े बुजुर्गों का प्रणाम कर आशीर्वाद लिया।

## कुड़ुख भाषा विश्वविद्यालीन पाठ्यक्रमों होगी शामिल



■ प्रधानमंत्री ने सुनी प्रबल बाबा की बात

**जशपुरनगर।** रविवार को प्रधानमंत्री के मन की बात का 108 वां एपिसोड था! प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हर बार बातों ही बातों में देश की जनता को बहुत कुछ दे जाते हैं पर इस बार मन की बात कार्यक्रम में जशपुर जिले के लिए एक खास सौगात दे गए। दरअसल घर वापसी अभियान के नायक भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मंत्री युवाओं के ऊर्जा स्त्रोत कुमार प्रबल प्रताप सिंह जुदेव ने मोदी से बातों ही बातों में प्रदेश और खासकर जशपुर क्षेत्र में निवासरत उरांव आदिवासी समुदाय में बोले जाने वाले भाषा कुड़ुख को लेकर कुछ निवेदन किया था! बहरहाल आप पहले वनांचल क्षेत्र में कुड़ुख भाषा की महत्ता को समझिए, कुड़ुख भाषा का प्रयोग वनांचल क्षेत्र में निवासरत लगभग 80 प्रतिशत लोग करते हैं! ऐसा नहीं है कि सभी समुदायों में कुड़ुख भाषा प्रचलित है अपितु वनांचल क्षेत्र में उरांव आदिवासी समुदाय की बाहुल्यता के चलते हाट बाजार करने वाले व्यापारी और आम लोग भी इस भाषा का खुलकर प्रयोग और समर्थन करते हैं! बस इन्हीं सब बातों को गौर करते हुए प्रबल बाबा ने देश के प्रधानमंत्री से कुड़ुख भाषा को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान देने आग्रह किया था। इसे प्रधानमंत्री ने सहर्ष ही स्वीकारा इसका खुलासा रविवार को मन की बात कार्यक्रम में हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मन की बात को आमजनों से साझा करते हुए कुड़ुख भाषा को राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के ध्येय से विद्यालयीन पाठ्यक्रमों में शामिल करने की बात कही।

## खबर संक्षेप

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को किया गया जागरूक

**सलका अघिना।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के तत्वावधान में आज सलका ग्रामीण बैंक परिसर पर नुक्कड़ नाटक व डांस के माध्यम से लोगों को ग्रामीण बैंक की योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक से संचालित जनहित कार्य योजनाओं से जुड़कर अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करने और बैंक के कार्य प्रणाली से लोगों को अवगत कराना था। खाता खोलने की सरल प्रक्रिया, नामांकन करना, एटीएम देना सहित उसके ओटीपी की गोपनीयता बनाए रखना, बैंक से मिलने वाले ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड,प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना के बारे में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को विस्तार से बताया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### बाइक की टक्कर से महिला घायल, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** बाजार से घर लौट रही महिला के पीछे से आ रहे बाइक चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में महिला घायल हो गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम मोतीपुर निवासी सावित्री मंगलवार का साप्ताहिक बाजार दरिमा खरीदारी करने परिजन के साथ गई थी। शाम को घर आने लगी और जैसे ही स्कूल चौक के समीप पहुंची तभी पीछे से आ रहे बाइक क्रमांक सीजी 15 डीयू 6017 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे महिला गंभीर चोट लगने के कारण मौके पर ही अचेत हो गई। परिजन ने उसे तत्काल संजीवनी 108 से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार जारी है। घटना की रिपोर्ट श्रीमती नान कुंवर पति जंगल राम ने थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने बाइक चालक के विरूद्ध धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### ई-श्रम पोर्टल में पंजीकृत श्रमिकों को मिलेगी सहायता राशि


**जांजगीर-चांपा।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी आदेश के अनुसार ई-श्रम पोर्टल में पंजीकृत ऐसे असंगठित श्रमिक जिनका पंजीयन 31 मार्च 2022 को अथवा पूर्व हुआ हो तथा दुर्घटनागत कारणों से पंजीकृत श्रमिक की मृत्यु या स्थायी दिव्यांगता 31 मार्च 2022 को अथवा पूर्व हुई हो, को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का लाभ एक्सग्रेसिया के रूप में दिया जाना प्रावधानित है। एक्सग्रेसिया के रूप में पात्र हितग्राहियों को मृत्यु एवं स्थायी दिव्यांगता पर सहायता राशि 2 लाख रूपए एवं आंशिक दिव्यांगता पर राशि 1 लाख रूपए प्रदाय किया जाना प्रावधानित किया गया है।

### बिना किसी पूर्व सूचना के ग्रामीण क्षेत्रों में घंटो बिजली सेवा बाधित

**जांजगीर-चाम्पा।** सारागांव विद्युत सब स्टेशन के अंतर्गत आने वाले दर्जनों ग्राम पंचायतों में बिना किसी पूर्व सूचना के घंटों बिजली गुल कर दी जा रही है, जिसके चलते ग्रामीणों की परेशानी और भी बढ़ गई है। खासकर देवरी सारागांव, कमरीद, कोसमंदा, जाटा, अमरूवा, चोरिया, मुड़पार अफरीदी सहित अन्य जगहो पर बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली गुल कर दी जा रही है। इससे लोगों की परेशानी बढ़ गई है।
दो माह पहले बनी बोरदा-कामता सड़क अभी से लगी उखड़ने
गोधना।

## बॉल्डरिंग तथा स्पोर्ट क्लाइम्बिंग प्रशिक्षण प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



■ पहाड़ी बकरा एडवेंचर बिलासपुर द्वारा देशदेखा को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर किया जा रहा विकसित

जिले के देशदेखा स्थल को पहाड़ी बकरा एडवेंचर बिलासपुर द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रॉक क्लाइम्बिंग के लिए विकसित किया गया है। यहां पर बॉल्डरिंग तथा स्पोर्ट क्लाइम्बिंग का प्रशिक्षण उपक्रम भी प्रारम्भ किया गया है।

इसके लिए भारत के अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त विशेषज्ञों से सेवाएं ली गई है। यह विशेषज्ञ मुख्यतः महाराष्ट्र लोनावला की शिवदुर्ग मित्र समूह तथा हम्पी, कर्नाटक के गोल्डन बोल्डर के सदस्य हैं। इस उपक्रम के प्रारम्भ होने के बाद विभिन्न युवको को स्थानीय कंपनी ट्रीपि हिल की सहायता से क्लाइम्बिंग एवं बॉल्डरिंग का प्रशिक्षण प्रदान कर प्रमाण पत्र भी प्रदान किये गए। वर्तमान में राज्य के कई शहरों की शिक्षण संस्थानों ने अपने पाठ्यक्रम में कौशल विकास हेतु ऐसे साहसिक खेलो में भी रूचि दिखाई है तथा इसी क्रम में बिलासपुर एवं जशपुर के विद्यार्थियों ने देशदेखा आकर इस उपक्रम से लाभान्वित हो रहे हैं।

पहाड़ी बकरा एडवेंचर के संचालक स्वप्निल राचेलवार ने बताया की यह देशदेखा क्लाइम्बिंग सेक्टर, भारत देश में पहली बार किसी प्रशासन ने रॉक क्लाइम्बिंग जैसे साहसिक खेल हेतु किसी स्थान को विकसित करने हेतु पहल उठाई है। अब तक इस उपक्रम के द्वारा तीन स्थानीय रॉक क्लाइम्बिंग गाइड ने प्रारंभिक प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रमाण-पत्र अर्जित किया है और इन स्थानीय गाइड की ही मदद से अब तक छत्तीसगढ़ तथा आस पास के राज्यों के 150 से भी अधिक विद्यार्थियों के लिए रॉक क्लाइम्बिंग वर्कशॉप का आयोजन किया जा चुका है। राज्य तथा स्थानीय युवाओं के कौशल विकास को ध्यान में रखते हुए भविष्य में भी जिला प्रशासन एवं स्थानीय संस्थाओ की मदद से पहाड़ी बकरा एडवेंचर ऐसे साहसिक खेलों से सम्बंधित उपक्रमों तथा वर्कशॉप का आयोजन करती रहेगी।

## ग्राम पंचायत खोरसी में श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ 3 से

**तनौद।** आदर्श ग्राम पंचायत खोरसी में नवज्योति दुर्गा उत्सव समिति द्वारा श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 3 जनवरी से 12 जनवरी तक किया गया है। आचार्या देवी राधे प्रिया वृंदावन धाम द्वारा व्यास पीठ पर आसिन होकर श्रद्धालु भक्त जनों को श्री राम कथा का रसपान कराएंगी। श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ बुधवार 3 जनवरी को कलश, शोभायात्रा, मंगलाचरण, मानस महिमा के साथ प्रारंभ होगा। 4 जनवरी को सति मोह शिव विवाह, 5 जनवरी को पुत्रेष्टि यज्ञ, राम जन्मोत्सव, 6 जनवरी को बाललीला, अहिल्या उद्धार, सीताराम विवाह, 7 जनवरी को राज्याभिषेक प्रस्ताव, केंवट प्रसंग, 8 जनवरी को दशरथ स्वधाम, चित्रकूट निवास,भरत मिलाप, 9 जनवरी को मुनीसंरक्षण, पंचवटी निवास, सीताहरण, 10 जनवरी को शबरी का प्रेम, राम हनुमान मिलन, लंका दहन, 11 जनवरी को विभिषण शरणागति, लंका विजय,राम राज्याभिषेक, 12 जनवरी को तुलसी वर्षा, हवन पूर्णाहूति, सहस्त्रधारा, ब्राह्मण भोज होगा।

## शिविरों में बढ़ चढ़कर कर हिस्सा ले रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



■ आमजन को मिल रहा योजनाओं का लाभ, दिख रहा भारी उत्साह

विकसित भारत संकल्प यात्रा में आम लोगों का भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। भारत सरकार व राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सभी जनपद पंचायत अंतर्गत कलस्टर बनाकर ग्राम स्तर पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

शिविर का आयोजन कर जरूरतमंदों को सरकारी योजनाओं से लाभांवित करने का सिलसिला जारी है। सोमवार को यात्रा जिले के कई ग्राम पंचायतों में पहुंची। जिसमें जनपद पंचायत जशपुर के ग्राम तुरीलोदाम, ग्राम टेकुल, कुनकुरी के ग्राम पंचायत लोरो, ग्राम बम्हनी, बगीचा के कामारिमा, ग्राम कोपा सहित अन्य जनपद पंचायत के 2-2 ग्राम पंचायत शामिल हैं। जहां लोगों को यात्रा का उद्देश्य व केंद्र सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान आमजनों को विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ भी दिलवाई गई। योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन, योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने, योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने और योजनाओं के निर्धारित लक्ष्य प्राप्ति के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा जारी है। यात्रा के दौरान केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर चुके पात्र लाभार्थी मेरी कहानी-मेरी जुबानी कार्यक्रम के तहत अन्य लोगों को अपनी सफलता की कहानी सुना रहे हैं और उन्हें प्रेरित कर रहे हैं। लाभार्थी स्वयं बता रहे हैं कि उन्होंने आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, चिरायु हरियाणा योजना, परिवार पहचान पत्र के माध्यम से ऑटोमैटिक पेंशन व राशन कार्ड इत्यादि योजनाओं का किस प्रकार लाभ उठाकर अपने जीवन को आसान बनाया है। योजनाओं के संबंध में जागरूकता के लिए क्विज, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हो रहे हैं । यह यात्रा जिले भर में जा रही है। इसका मकसद उन वंचित लोगों तक पहुंचना है जो सरकार की योजनाओं के तहत पात्र हैं।

## शहडोल अंबिकापुर ट्रेन के नीचे आया युवक, परिचालक ने बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



■ शराब के नशे में धुत था युवक

बीती रात रेलवे स्टेशन में शराब के नशे में धुत युवक ने जमकर उत्पात मचाया। शराब के नशे में युवक पटरी पर लेट गया इस दौरान ट्रेन परिचालक ने सही समय पर युवक को देख लिया व ट्रेन रोककर उसकी जान बचाई। इस घटना के बाद स्टेशन में हड़कंप मच गया।

घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल युवक की पहचान नहीं हो पाई है। बताया जा रहा है कि शनिवार की रात एक युवक शराब के नशे में धुत होकर पटरी पर लेट गया था। इसी बीच अंबिकापुर शहडोल ट्रेन भी पटरी पर आ गया। पटरी पर लेटे हुए युवक को ट्रेन के परिचालक ने देख लिया व सूझबूझ से ट्रेन को रोककर युवक की जान बचाई। इस दौरान ट्रेन के नीचे युवक के आने की जानकारी मिलते ही हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची आरपीएफ की टीम द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद युवक को बाहर निकाला गया। फिलहाल घायल युवक की पहचान नहीं हो पाई है।

पुलिस द्वारा घायल युवक को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों को किया जा रहा लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



■ पीएम जनमन योजना की जानकारी देने पहाड़ी कोरवा, बिरहोर बहुल पंचायतों में शिविर

प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत जिले के विभिन्न विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले के बगीचा, कुनकुरी और मनोरा क्षेत्र के विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा, बिरहोर के बसाहट एवं पंचायत में पहुंचकर शिविर आयोजित कर आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएमधन योजना ,सिकल सेल जांच सहित विभिन्न प्रकार के समस्याओं एवं आवश्यकताओं से अवगत होकर निराकरण किया जा रहा है।

शिविर में अधिकारी द्वारा केंद्र शासन की योजना के संबंध में जानकारी देकर जागरुक एवं लाभ लेने प्रेरित किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल एवं जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में पीएम जनमन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विशेष शिविर का आयोजन बगीचा, मनोरा और कुनकुरी विकासखंड के विशेष जनजाति पहाड़ी कोरवा, बिरहोर क्षेत्र के 94 ग्राम पंचायत के अंतर्गत आश्रित ग्रामों में शिविर आयोजित आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पी.एम.जनमन योजना के अंतर्गत जिले में विशेष रूप से विशेष पिछड़ी जनजाति समूह की सामाजिक आर्थिक उन्नति के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को बेहतर क्रियान्वयन के लिए शिविर लगाकर समस्याओं से अवगत होने निर्देश दिए हैं। जिले के चिन्हांकित सभी पीवीटीजी समुदाय के लोगों को प्रधानमंत्री जनमन योजना का लाभ दिलाने मिशन मोड में कार्ययोजना बनाकर सर्वे कराने तथा शिविर के माध्यम से कैंप लगाकर विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने बेहतर क्रियान्वयन के लिए बेहतर कार्य योजना के बनाने के लिए कहा। गौरतलब है कि विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना संचालित की जा रही है। इसके अंतर्गत विभिन्न विभागों के समन्वय से पेयजल, आवास, सड़क, मोबाईल मेडिकल यूनिट, छात्रावास निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से पोषण, वनधन केंद्र की स्थापना, इंटरनेट एवं मोबाईल सर्विस की उपलब्धता तथा आजीविका संवर्धन हेतु कौशल विकास सहित महत्वपूर्ण गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाएगा।

## दिव्यांगो के प्रति सम्मान करने दिए संदेश

**जांजगीर-चांपा।** विश्व दिव्यांग दिवस सप्ताह सामुदायिक स्वास्थ्य एवं विकास परियोजना चांपा द्वारा कार्यक्रम का आयोजन वार्ड नंबर 01 नैला भाटापारा सामुदायिक भवन में आयोजित किया गया। नैला के वार्ड नंबर 01,02 के लगभग 50 दिव्यांगो ने शामिल हुए तथा रैली के माध्यम से समाज में दिव्यांगो के प्रति सम्मान करने का संदेश दिए। यह कार्यक्रम में यूनिसेफ एवं जिला प्रशासन के द्वारा चलाया जा रहा है। कार्यक्रम हसदेव के हीरो ज़िला समन्वयक अधिकारी सुश्री दिव्या राजपूत के मार्गदर्शन में वॉलिंटियर उपस्थित रहे। यूनिसेफ कार्यक्रम हसदेव के हीरो अकलतरा विकास खंड के समन्वयक अधिकारी नरेन्द्र कश्यप के द्वारा जिले में चलाए जा रहे जागरुकता में मानसिक स्वास्थ, महिलाएं में खून की कमी,शाला त्यागी बच्चो व बाल विवाह रुकने में समाज की भी जिम्मेदारी को बताया गया।

### पीएम आवास निर्माण कार्य की ली जानकारी

## कलेक्टर ने की पीएम आवास के हितग्राहियों से बात

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने सोमवार को अपने कक्ष से विडियों कॉल कर पीएम आवास के लाभांवित हितग्राहियों से बात की व निर्माण कार्यों की जानकारी ली।

कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने ग्राम पंचायत गम्हरिया के हितग्राही सुखराम राम एवं ग्राम पंचायत मनोरा के केरमू राम से बात की। हितग्राहियों ने बताया कि पीएम आवास निर्माण कार्य प्रगति पर है और पीएम आवास निर्माण के तहत पक्के आवास निर्माण से हम बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा कि हमें पक्के मकान में रहने का अवसर प्राप्त होगा। हम इसके लिए ह्रदय से धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। ग्राम पंचायत गम्हरिया निवासी सुखराम राम ने बताया कि 2020-21 में मकान स्वीकृत हुआ था। जिसके निर्माण हेतु तीन किस्त प्राप्त हो चुका है। डोर लेवल तक कार्य हो चुका है शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जाएगा। इसी तरह ग्राम पंचायत मनोरा निवासी केरमू राम ने भी बताया कि 2020-21 में मकान स्वीकृत हुआ था दो किस्त पैसा मिल चुका है और डोर लेवल तक कार्य पूर्ण हो चुका है। शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। कलेक्टर ने हितग्राहियों से चर्चा कर प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कार्य को शीघ्र पूर्ण करें और अन्य लोगों को भी समय अवधि में पीएम आवास निर्माण कार्य को पूर्ण करने के लिए समझाएं और सहयोग करें।

### कलेक्टर ने ली जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की बैठक



■ संचालित कार्यों की जिले व विधानसभा वार मैपिंग कर चिन्हांकित करने के निर्देश

कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष कक्ष में जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने जिले में नहर सहित अन्य कार्यों के स्वीकृत कार्य, मरम्मत कार्य, साफ सफाई एव अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। बैठक में जल संसाधन एसडीओ रुपेश कुमार कश्यप, एसके रात्रे, जेके सिंह सहित उप अभियंता शामिल हुए। कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को विभाग अंतर्गत किए जा रहे नहर सहित अन्य कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों के जिले के मैप एवं विधानसभा वार मैप में निर्मित एवं निर्माणधीन योजनाओं की मार्किंग करने एवं मैप में योजनाओं से संबंधित कार्यों की जानकारी देने कहा। कलेक्टर ने प्रस्तावित योजनाओं को चिन्हित करने, वर्तमान स्थिति की जानकारी देने, मरम्मत की आवश्यकता है कि नहीं का जानकारी देने, भुआर्जन की स्थिति, भौतिक स्थिति एवं नहर का चिन्हकन करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी कार्यों के अद्यतन स्थिति का रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा है।

## केंद्र के तुकलगी फरमान के खिलाफ बसों के पहिए थमे



**जशपुरनगर।** केंद्र के तुकलगी फरमान के खिलाफ यहां से चलने वाली सभी बसों के पहिए थम गए है। चालकों का कहना है,कि जब तक केंद्र सरकार अपनी तुकलागी फरमान वापस नहीं ले लेती तब तक हम स्टेंरिंग नहीं सम्हालेंगे। जशपुर से झारखंड, ओडिसा, और राजधानी रायपुर, बिलासपुर की ओर जाने वाली सभी बसों के चक्के थम गए है। इनको गति कब मिलेगी यह आने वाला समय बताएगा।

1-JAN-JSP-KORIYA-RAG-BHOOMI-pg-2_Layout 1 1/1/2024 8:22 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# पाउला अब्दुल ने निगेल लिथगो के खिलाफ दायर किया मुकदमा लगाया यौन उत्पीड़न का आरोप



**लॉस एंजेलिस।** अमेरिका की मशहूर सिंगर पाउला अब्दुल ने 'सो यू थिंक यू कैन डांस' के जज निगेल लिथगो के खिलाफ यौन उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए मुकदमा दायर किया है। सिंगर ने यह मामला कैलिफोर्निया के यौन दुर्व्यवहार और जवाबदेही अधिनियम की समाप्ति से 72 घंटे से भी कम समय पहले दयार किया है। पाउला अब्दुल ने बताया कि निगेल लिथगो अब्दुल टेलीविजन प्रतियोगिता शो के सबसे प्रसिद्ध निर्माताओं में से एक हैं। वे अपने करियर के बर्बाद होने के डर की वजह से निगेल के खिलाफ नहीं बोल पाईं। अब उन्होंने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए निगेल के खिलाफ शिकायत की है और केस भी दर्ज कराया है। हालांकि इस पर अभी तक निगेल की तरफ से कोई सफाई नहीं दी गई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, पाउला अब्दुल ने अपने साथ हुए यौन उत्पीड़न के बारे में बताया कि, 'सो यू थिंक यू कैन डांस' में जज बनीं, तो निगेल ने मुझे रात के खाने पर अपने घर बुलाया था। पाउला ने बताया कि निगेल ने उनसे कहा कि वे दोनों एक पावर कपल बनेंगे।

### टॉलीवुड

# बाढ़ पीड़ितों की मदद करते दिखे दलपति विजय, सोशल मीडिया पर तस्वीरें वायरल

**चेन्नई।** तमिल अभिनेता दलपति विजय थूथुकुडी (तूतीकोरिन) और तिरुनेलवेली जिलों के बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए तूतीकोरिन हवाई अड्डे पर पहुंचे। अभिनेता अपनी एक्टिंग के साथ समाजसेवा के लिए भी जाने जाते हैं। वे यहां उन परिवारों को राहत सामग्री वितरित करने के लिए पहुंचे थे, जो हाल ही में आई विनाशकारी बाढ़ से गंभीर रूप से प्रभावित हुए हैं। अभिनेता की कई तस्वीरें और वीडियो उनके फैन क्लबों की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा किए गए हैं। वायरल तस्वीरों में विजय स्थानीय लोगों से बातचीत करते नजर आ रहे हैं। वह नीली शर्ट और काली पैंट पहने दिख रहे हैं। एक्स पर विजय के एक फैन पेज द्वारा साझा की गई पोस्ट के कैप्शन में लिखा, ₹नम्मा दलपति विजय तूतीकोरिन में बाढ़ से प्रभावित लोगों को राहत सामग्री प्रदान करने के लिए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे हैं। भारी बारिश ने पूरे तमिलनाडु में तबाही मचाई है। थूथुकुडी और तिरुनेलवेली जिले सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में से हैं। इससे हजारों लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इन इलाकों में बहुत से लोगों को खाने पीने से लेकर रहने तक की समस्या खड़ी हो गई है।



### भोजपुरी

# पवन सिंह का गाना हुआ 100 मिलियन पार, फैंस का मिला बेशुमार प्यार



**मुंबई।** पावर स्टार पवन सिंह के गाने की रेंज क्या होती है, इससे हर कोई वाकिफ है। लेकिन इसी बीच हम उनके एक गाने की बात करें तो वो गाना 100 मिलियन व्यूज के क्लब में शामिल हो गया है। गाना है कलकतिया राजा, जिसे पावर स्टार पवन सिंह ने अपनी आवाज दी है और इसके म्यूजिक वीडियो में भी नजर आए हैं। पवन सिंह का यह गाना लोगों को खूब पसंद आया है और अब भी खूब वायरल हो रहा है. इस गाने में पवन सिंह का जादू लोगों के सर चढ़ कर बोल रहा है। पवन सिंह इस गाने को मिल रहे लोगों के रिस्पांस से गदगद हैं और सबका आभार जताया है। पवन सिंह की माने तो यह गाना बेहद मजेदार है। लेकिन ये नहीं सोचा था कि जनता का इतना प्यार मिलेगा का कि 100 मिलियन के आंकड़े को भी पार कर जाएगा। पवन ने कहा कि मैं कोई भी गाना कितना व्यूज जायेगा, ये सोच कर नहीं करता. मेरे लिए मेरी जनता का मनोरंजन जरूरी है और संगीत, जो मेरी आत्मा में बसती है, वो जरूरी है। ऐसे जब दिल से आवाज निकलती है और जनता के दिलों तक पहुंचती है, तो गिनती की सीमा टूट जाती है। पवन ने कहा कि यह साल जा रहा है और इस साल में मैंने लोगों का खूब मनोरंजन किया है। वादा करता हूं कि यह क्रम आगे भी जारी रहेगा और आपका भाई पवन सिंह एक से बढ़कर एक गाने के साथ हाजिर होता रहेगा।

## लाइफ स्टाइल

## न्यूयार्क में दीवानगी

न्यू यॉर्क फैशन वीक हर साल फरवरी और सितंबर में आयोजित किया जाता है। वर्ष 2024 में यह 7 फरवरी से प्रस्तावित है। मैनहट्टन में फैशन से जुड़ी यह एक अर्ध-वार्षिक श्रृंखला होती है, जो आम तौर पर 7 से 9 दिनों तक चलती है। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय फैशन संग्रह खरीदारों, प्रेस और आम जनता को के बीच ट्रेंड के मुताबिक कलेक्शन दिखाए जाते हैं। न्यूयार्क फैशन वीक का डिजाइनरों और मॉडल सहित फैशन इंडस्ट्री से जुड़े लोगों को बेसब्री से इंतजार रहता है।



# कोल्ड वैक्सिंग करवाते हुए इन टिप्स को न करें नजरअंदाज

आजकल बहुत सी महिलाएं अनचाहे बालों को हटाने के लिए कोल्ड वैक्सिंग का सहारा लेती हैं। लेकिन अगर आप कोल्ड वैक्सिंग करवा रही हैं तो आपको कुछ छोटे-छोटे टिप्स को जरूर फॉलो करना चाहिए। जब भी आप कोल्ड वैक्स को अपनी स्किन पर लगाएं, तो यह अवश्य सुनिश्चित करें कि आपकी स्किन अच्छी तरह क्लीन हो। इसलिए हमेशा यह सलाह दी जाती है कि अपनी स्किन पर मौजूद तेल, लोशन या गंदगी को हटाने के लिए पहले जेंटल क्लींजर का इस्तेमाल करें। अगर आप चाहती हैं कि कोल्ड वैक्स से आपको अधिक बेहतर रिजल्ट मिले और इनग्रोन हेयर की समस्या का सामना ना करना पड़े तो आप अपनी बॉडी को एक्सफोलिएट भी जरूर करें।



हालांकि, इस बात का ध्यान रखें कि आप उसी दिन एक्सफोलिएट ना करें, बल्कि एक या दो दिन पहले अपनी स्किन पर स्क्रब अप्लाई करें। कुछ लोग यह सोचते है कि कोल्ड वैक्स हॉट वैक्स से अधिक सुरक्षित है, इसलिए वे इसे सीधे ही अपनी स्किन पर अप्लाई करना शुरू कर देते हैं। हालांकि, अगर आप पहली बार कोल्ड वैक्स कर रही हैं तो हमेशा एक छोटे से एरिया पर पैच टेस्ट करें। इससे आपको यह पता चल जाएगा कि कोल्ड वैक्स आपकी स्किन पर किस तरह रिएक्ट कर रही है। हॉट वैक्स की ही तरह कोल्ड वैक्स को अप्लाई करने का भी एक सही तरीका होता है।

# कहीं इन वजहों से तो आपके बाल नहीं दिखते डल, जानिए

कई लोगों के बाल बहुत अधिक बेजान व डल नजर आते हैं। इसके लिए वे कई उपाय अपनाते हैं। लेकिन उन्हें बालों के डल दिखने के कारणों की जानकारी नहीं होती है। तो चलिए जानते हैं इस बारे में। कई बार ऐसा होता है कि हम तेज धूप में ओपन हेयर लुक में बाहर निकलते हैं। हालांकि, ऐसा करने से बालों की शाइन कहीं खो जाती है और बाल डल नजर आने लगते हैं। इतना ही नहीं, कई बार बहुत अधिक हवा चलने पर भी अगर बाइक आदि से ओपन हेयर में घूमा जाए तो इससे बाल डल हो सकते हैं। हम कभी इस ओर ध्यान नहीं देते हैं, लेकिन हेयर ड्रायर का जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल करने से भी बाल डल नजर आ (दो मुंहे बाल) सकते हैं। अमूमन हम अपने बालों को वॉश करने के बाद उन्हें सुखाने के लिए हेयर ड्रायर का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन उसके बाद बालों पर सीरम नहीं लगाते हैं, जिससे बाल रूखे व डल बन जाते हैं।



# नए साल पर करनी है आउटिंग तो इन कपड़ों को दें प्राथमिकता




लोगों का ऐसा मानना है, कि जितनी खुशी के साथ आप नए साल का स्वागत करेंगे, आपका आने वाला समय उतनी ही खुशियों भरा होगा। ऐसे में हर कोई नए साल वाले दिन अपने परिवार और दोस्तों के साथ समय व्यतीत करता है। अगर आप भी अपने दोस्तों के साथ कहीं जाने या अपने शहर में ही आउटिंग का प्लान बना रहे हैं तो ये खबर आपके लिए है।

दरअसल, अब जब नया साल आ गया है तो सर्दी भी अना सितम ढा रही है। ऐसे में नए साल पर आउटिंग के लिए आपको कपड़ों का ध्यान देने की बेहद जरूरत है। अगर आप ऐसा नहीं करेंगी तो ठंड के मौसम में आपकी तबियत खराब हो सकती है। इसी के चलते आज के लेख में हम आपको नए साल की आउटिंग के लिए कुछ फैशन टिप्स देंगे, ताकि ठंड भी आपसे दूर रहे और आप स्टाइलिश भी दिखें।

**जींस-टॉप:** अगर ऐसे कपड़े पहनने का सोच रहीं हैं जो फुल भी हों, और जिसको पहनकर आपका लुक प्यारा भी लगे तो सबसे बेहतर विकल्प तो जींस और फुल टॉप ही है। वुलेन टॉप आपको आसानी से बाजार में मिल जाएंगे, जिसे आप कैरी करके जलवा दिखा सकती हैं।

**फ्लोरल कुर्ता:** सर्दी के मौसम में जह हल्की-हल्की धूप निकलती है तो इस तरह का फ्लोरल कुर्ता आपको खूबसूरत लुक दे सकता है। ऐसे में अगर आप अपने दोस्तों के साथ घूमने जा रही हैं तो इस तरह का कुर्ता पहन सकती हैं। इसके साथ आप ओपन स्वेटर कैरी कर सकती हैं।



**ड्रेस के साथ कोट :** अगर आप ड्रेस पहनने का सोच रही हैं तो इसके साथ ब्लेजर काफी कमाल का लगेगा। इस लुक को पूरा करने के लिए पैरों में बूट जरूर पहनें। ये आपको सर्दी से बचाएगा।

**ब्लेजर:** अगर आप क्लासी लुक कैरी करना चाहती हैं, तो जींस के साथ इस तरह का ब्लेजर कैरी कर सकती हैं। ये आपको खूबसूरत दिखने में मदद करेगा, साथ में इसकी वजह से आपको सर्दी भी नहीं लगेगी। इसके साथ अपने बालों में आप पोनीटेल बना सकती हैं।

**ओवर साइज स्वेटर:** इस तरह का ओवर साइज स्वेटर देखने में कमाल का लगता है। ऐसे स्वेटर को आप जींस के साथ कैरी कर सकती हैं। इसके बाद अगर आप अपने बालों में मेसी बन बनाएंगी तो आपका लुक बेहद कूल दिखेगा।

# नए साल पर दें ये खास तोहफे

नए साल की शुरुआत होने जा रही है। नए साल के स्वागत को लेकर लोगों में काफी उत्साह रहता है। साल का पहला दिन लोग अपने परिवार व दोस्तों के साथ मनाना चाहते हैं। वही अपने करीबियों को नववर्ष की शुभकामनाएं देकर इस वर्ष की शुरुआत करते हैं। इस मौके पर लोग पार्टी करते हैं और घूमने जाते हैं। हालांकि आप नए साल के जश्न को अधिक यादगार बनाने के लिए अपने दोस्तों या परिवार के सदस्यों को न्यू ईयर गिफ्ट दे सकते हैं। यहां नए साल के लिए कुछ खास तोहफे का आईडिया दिया जा रहा है, जिसे पाकर आपके प्रियजन खुश हो जाएंगे। आईए जानते हैं नए साल के लिए बेहतरीन गिफ्ट आइडिया

### डायरी

नए साल पर दोस्त या परिवार के किसी सदस्य को तोहफे में डायरी दे सकते हैं। डायरी उनके काफी काम आ सकती है। लोग अपने दिल की बात, अपने विचार या रोज की रूटीन को अपनी डायरी में लिख सकते हैं। इसके अलावा वह जरूरी बातों को या जानकारी को भी डायरी में संजोकर रख सकते हैं। डायरी न्यू ईयर रेजोल्यूशन की याद दिलाने के लिए भी एक अच्छा तरीका है।



### स्मार्ट वॉच

नए साल के मौके पर आप अपने परिवार के किसी सदस्य या दोस्त को तोहफे में स्मार्ट वॉच दे सकते हैं। स्मार्ट वॉच फिटनेस और लाइफस्टाइल को मेंटेन करने में काफी मददगार होती है। इसके अलावा रूटीन लाइफस्टाइल को भी आसान बना सकती है। स्मार्ट वॉच के फीचर काफी काम के होते हैं।

### किताब

अगर आपके दोस्त या परिजनों को पढ़ने का का शौक है तो उन्हें तोहफे में किताब दे सकते हैं। किताब उनके मनचाहे विषय पर होनी चाहिए। चाहे वह अध्यात्म से जुड़ी हो या फिटनेस, लाइफ स्टाइल और कविता-कहानियों का संग्रह हो।

### ग्रीटिंग कार्ड

नया साल बिना ग्रीटिंग के कार्ड के अधूरा है। नए साल के मौके पर दोस्तों, रिश्तेदारों को न्यू ईयर की आकर्षक ग्रीटिंग कार्ड तोहफे में दे सकते हैं। ग्रीटिंग में सुंदर शुभकामना संदेश लिख कर दीजिए।

# स्टाइलिश दिखने के लिए ब्लेजर स्वेटर के साथ ऐसे पहनें मफलर

सर्दी के मौसम में मफलर पहनने का ट्रेंड काफी पुराना है। मफलर आपको स्टाइलिश बनाने के साथ गर्मी देने का भी काम करता है। इसलिए अधिकतर लोग विंटर सीजन में मफलर को पहनना पसंद करते हैं। या यूं कहें कि मफलर के बिना विंटर वार्डरोब पूरा नहीं हो सकता है।

और हो न हो, शायद आप भी मफलर के शौकीन हैं! जैकेट, ब्लेजर, स्वेटर आदि विंटर टॉप वियर्स के साथ मफलर को लोग कैरी करते हैं। कई लोग इसे गले में लटका लेते हैं तो कई लोग गले में लपेट लेते हैं और कई लड़के मफलर को सिर पर बांधे दिखाई देते हैं। मगर सबसे पहले हमें मफलर को सही तरीके से पहनना मालूम होना चाहिए।

**जैकेट्स:** विंटर जैकेट्स सर्दी के मौसम में अधिकतर लड़के पहनते हैं। मगर इसके साथ मफलर को पहनने का तरीका बहुत कम लोगों को पता है। इसी वजह से वे लोग मफलर पहनने के बाद अच्छे नहीं दिखते हैं। इसलिए जैकेट्स और मफलर को सही तरीके से पहनना जान लें।



**पहला तरीका:** विंटर जैकेट्स के साथ मफलर को पहनने का सही तरीका है- उसको गले में लटका लें। दोनों ओर से बराबर रूप से मफलर के दोनों सिरे लटके हुए होने चाहिए। यहां पर एक बार ध्यान रखें कि मफलर की लेंथ जैकेट्स की लेंथ से बड़ी नहीं होनी चाहिए।

**दूसरा तरीका:** इसके अलावा मफलर को दोहरा करके अपनी गर्दन के दोनों तरफ डालें। मफलर के खुले छोर वाले हिस्से को दूसरी तरफ वाला फंदा बने हिस्से में डालकर हल्का सा कस लें। इस स्टाइल में खूबसूरत दिखेंगे और ये सबसे आसान तरीका होता है।

**स्वेटर्स:** स्वेटर्स और मफलर का कॉम्बिनेशन सबसे पुराना है। ये दोनों लंबे समय से एक दूसरे के साथ ही रह रहे हैं। मगर इसके साथ ही मफलर पहनते वक्त कई पुरुष गलतियां कर देते हैं।

## कार्नर न्यूज

## बनारसी साड़ी को वॉशिंग मशीन में कभी न धोएं

# सालों तक नई दिखेगी आपकी बनारसी साड़ी, धोते समय रखें इन बातों का ध्यान

बनारसी साड़ी में किसी भी महिला का लुक क्लासी और रॉयल लगता है लेकिन अधिकतर महिलाएं चाह कर भी बनारसी साड़ी ज्यादा नहीं पहन पातीं। इसकी वजह होती है महंगी बनारसी साड़ियों के खराब होने का डर होना। ऐसे में अगर आपके पास भी बनारसी साड़ी हैं तो उसके रखरखाव और साफ करने के तरीकों के बारे में जरूर जान लें।

### बनारसी साड़ी धोते समय इन बातों का रखें ध्यान

*बनारसी साड़ी को साफ करते समय छोटी सी गलती से भी आपकी साड़ी खराब हो सकती है। अपनी बनारसी साड़ी को सालों तक नई जैसी रखने के लिए इन बातों को ध्यान रखें।*

### बनारसी साड़ी धोने का तरीका

*बनारसी साड़ी को वैसे तो ड्राई क्लीन करवाया जाता है, लेकिन अगर आप घर पर ही बनारसी साड़ी धो रही हैं तो हल्के साबुन या डिटर्जेंट का इस्तेमाल करें। हार्ड साबुन से आपकी बनारसी साड़ी का कपड़ा खराब हो जाता है। हल्के साबुन का घोल बनाकर उससे साड़ी को धोना चाहिए।*



### साड़ी को रगड़ कर न धोएं

अक्सर महिलाएं बनारसी साड़ी को अन्य कपड़ों की तरह ही ब्रश से रगड़ कर धो देती हैं। हालांकि बनारसी साड़ी को साफ करने के लिए ब्रश का इस्तेमाल कभी न करें। इससे साड़ी फट सकती है। हल्के हाथों से साड़ी को रगड़कर धोएं। बनारसी साड़ी को वॉशिंग मशीन में कभी न धोएं। हाथों से ही हल्का रंगड़ कर साड़ी धोना चाहिए।

### साड़ी धोने के लिए इस्तेमाल करें ठंडा पानी

*बनारसी साड़ी को धोने के लिए हमेशा ठंडे पानी का उपयोग करें। गर्म पानी से साड़ी का कपड़ा खराब हो सकता है। ठंडे पानी से बनारसी साड़ी धोने से उसका रंग भी नहीं उतरता है और कपड़ा साफ भी हो जाता है।*

### बनारसी साड़ी पर लगे दाग हटाने का तरीका

*अगर आपकी बनारसी साड़ी में कोई दाग लग गया है तो उसे हटाने के लिए कभी भी हार्ड वॉशिंग पाउडर या प्रोटीन स्टेम रिमूवर का इस्तेमाल न करें। न ही डिटर्जेंट में साड़ी को भिगोकर रखें। ऐसा करने से भले ही साड़ी का दाग साफ हो जाए, लेकिन साड़ी का रंग भी फेड हो जाता है। दाग निकालने के लिए प्रोटीन स्टेन रिमूवर को केवल दाग वाली जगह पर डालें और साफ कर लें।*



# प्रभास की नई फिल्म का ऐलान, पोस्टर जारी...

**मुंबई।** सलार की सफलता के बाद प्रभास की एक और फिल्म का ऐलान हो गया है। प्रभास अब डायरेक्टर मारुति संग काम करने जा रहे हैं। मारुति ने खुद प्रभास संग अपनी नेक्स्ट फिल्म का ऐलान कर दिया है, जिसके बाद तो एक्टर के फैंस की खुशी का ठिकाना ही नहीं है। मारुति ने फिल्म का पोस्टर जारी कर प्रभास की अगली फिल्म की अनाउंसमेंट की है। पोस्टर देखकर एक्टर के फैंस बेहद एक्साइटेड हो गए हैं। मारुति ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स (ट्विटर) पर फिल्म का पोस्टर शेयर किया है। इसके साथ उन्होंने लिखा है, उत्साहित और लंबे समय से इस पल का इंतजार कर रहा था।

लाइफ Style

# करीना
## पोस्ट किया नए साल का मंत्र

एजेंसी ▶▶ मुंबई

करीना कपूर फैमिली संग न्यू ईयर वेकेशन पर स्विट्जरलैंड पहुंच गई हैं। करीना अपने पति सैफ अली खान, अपने बच्चों तैमूर, जेह और करीबी दोस्त नताशा पूनावाला के साथ छुट्टियों पर हैं। उन्होंने अपना 2024 का मंत्र शेयर किया है। करीना ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर नए साल के मंत्र का खुलासा किया।

करीना ने अपनी पोस्ट में लिखा, 2024 मंत्रः मैं अपने जीवन के उस पड़ाव पर हूं, जहां मैं खुद को बहस से दूर रखती हूं। भले ही आप मुझे 1+1=5 बताएं, आप बिल्कुल सही हैं, एन्जॉय करें। बता दें, करीना अपनी लाइफ स्टाइल और खूबसूरती को लेकर हमेशा चर्चा में रही हैं। वह सैफ से शादी करने और बच्चों के नाम तैमूर और जहांगीर रखने पर भी बुरी तरह ट्रोल हो चुकी हैं। करीना कई इंटरव्यूज में कह चुकी हैं कि उन्हें ट्रोल और लोगों के कमेंट्स कोई फर्क नहीं पड़ता। वह नेटिजंस की बातों पर रिएक्ट्स करना पसंद नहीं करती हैं। बता दें कि करीना को फिल्म इंडस्ट्री में 23 साल हो गए हैं। साल 2000 में आई फिल्म रिफ्यूजी से उन्होंने बॉलीवुड में एक से बढ़कर एक हिट और फ्लॉप फिल्में दी हैं। एक दौर था जब उनकी गिनती टॉप और यंग एक्ट्रेस में होती थी। लेकिन अब बढ़ती उम्र के साथ ही उनकी पॉपुलैरिटी में भी कमी आ रही है। साथ ही उन्हें काम मिलने में भी दिक्कते आ रही हैं। साल 2001 से लेकर 2016 तक उनकी हर साल 3 से 6 फिल्में आती थी। लेकिन इसके बाद से उनकी एक ही फिल्म आ रही है। बड़े पर्दे पर वह पिछली बार 'लाल सिंह चड्ढा' में दिखाई दीं, जो बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हुई थी।



हॉलीवुड मसाला



# बढ़ती पहचान से होता है अच्छा महसूस

**लॉस एंजेलिस।** फिल्म निर्माता क्रिस्टोफर नोलन 'ओपेनहाइमर' के अब तक की सबसे सफल फिल्म बनने के बाद फिल्म इंडस्ट्री की अपनी पहचान को लेकर अच्छा महसूस करते हैं। उन्होंने बताया, मैंने अभी रॉबर्ट ओपेनहाइमर के बारे में तीन घंटे की फिल्म बनाई है, जो आर-रेटेड है और आधी ब्लैक-एंड-व्हाइट में है और इसने एक अरब डॉलर कमाए हैं। मुझे लगता है कि फिल्में अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। अजीब बात यह है कि यह सचमुच मेरी अब तक की सबसे सफल फिल्म है।




# शकीरा की बनी 21 फीट ऊंची प्रतिमा...

**लॉस एंजेलिस।** सिंगर शकीरा होमटाउन से मिले सम्मान को लेकर काफी उत्साहित हैं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पेज पर होमटाउन बैरेंक्विला में बनी अपनी प्रतिमा साझा की। पोस्ट में उन्होंने लिखा, मैं कोलंबियाई महिला और मेरी भूमि के अंदर और बाहर बैरेंक्विला को इस ट्रिब्यूट से बहुत उत्साहित हूं। पोस्ट में ही, शकीरा ने 21 फीट ऊंची मूर्ति का एक वीडियो अपलोड किया, जिसे कलाकार यिनो मार्क्स ने बनाया था। रिपोर्ट के अनुसार, प्रतिमा में 2005 में रिलीज हुए अपने हिट 'हिप्स डोंट लाई' के म्यूजिक वीडियो से आइकोनिक डांस मूव को प्रदर्शित किया। शकीरा ने प्रतिमा की कई तस्वीरें शेयर की, जिसमें उनके माता-पिता मुस्कुराते हुए और मूर्ति के सामने एक-दूसरे का हाथ पकड़े हुए क्लिक करा रहे हैं।



# अपने रंग के कारण हुईं ह्युमिलिएट...

**मुंबई।** एक्ट्रेस बरखा बिष्ट इन दिनों अपनी फिल्म 'सफेद' को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में बरखा एक ट्रांसजेंडर की भूमिका में हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने तलाक और सिंगल मदर होने की चुनौतियों का दर्द बयां किया है। करियर की शुरुआत में एक्ट्रेस को अपने रंग को लेकर भी काफी कुछ झेलना पड़ा था। उनका कहना था कि उस वक्त उन्हें वो बातें सुनकार काफी बेइज्जती महसूस होती थी। एक्ट्रेस ने बताया, 'करियर की शुरुआत में मैं अपने रंग के कारण मैं बहुत ह्युमिलिएट हुई हूं। मुझे काफी कुछ झेलना पड़ा था। शूट के दौरान जब मैं मेकअप करके आती थी, मुझसे कहा जाता था, मेकअप ब्राइट करो, ये सुनकर बहुत बेइज्जती महसूस होती थी। एक्ट्रेस ने कहा कि सिंगल पैरेंट होना अपने आप में बहुत बड़ी चुनौती है। मेरे पास ऐसे बहुत से उदाहरण है।



# नेचुरल फिट रहने की करता हूं कोशिश

**मुंबई।** अक्षय कुमार ने कहा, मैं फिटनेस के लिए जितना जुनूनी हूं उससे कहीं ज्यादा मैं नेचुरल फिट रहने की कोशिश करता हूं। मुझे जिम से ज्यादा बाहर स्विमिंग करना पसंद है, मैं बैडमिंटन खेलना, सीढ़ियां चढ़ना, कसरत करना, हेल्दी खाना, जैसे मेरा मानना है कि शुद्ध घी अगर सही मात्रा में खाया जाए तो हमें फायदा होगा। अक्षय कुमार ने कहा, मैं आजकल देखता हूं कि यंग लड़के-लड़कियां इस देसी घी नहीं खाते कि वो कहीं मोटे न हो जाएं। बहुत जरूरी है कि हम यह समझें कि क्या हमारी फिटनेस के लिए अच्छा है और क्या बुरा है। डॉक्टर की सलाह से आप अपना लाइफस्टाइल बदलो न की किसी फिल्म स्टार की बॉडी देखकर। अभिनेता ने कहा, 'नए साल में हमें अपने आप से वादा करना चाहिए कि कोई केमिकल और शॉर्टकट एक्सरसाइज न करें।

टीवी मसाला



# इक्क कुड़ी पंजाब दी : तनीषा ने पहना दुल्हन का लहंगा

**मुंबई।** टीवी शो 'इक कुड़ी पंजाब दी' के वेडिंग सीक्वेंस में दुल्हन के शानदार पहनावे से अभिनेत्री तनीषा मेहता ने दर्शकों को आश्चर्यचकित कर दिया। शो में बेहतर लुक देने के लिए एक्ट्रेस ने खुद को स्टाइल दिया। गुरुद्वारे में शादी के सीक्वेंस के लिए ड्रेस के बारे में तनीषा ने खुलकर बात की। तनीषा ने एक लुभावने हल्के नीले और सुनहरे रंग का लहंगा चुना, जिसमें सुंदरता और शिष्टता झलक रही थी। तनीषा ने कहा, हर लड़की एक खूबसूरत दुल्हन के रूप में तैयार होने का सपना देखती है। इस उद्योग में एक पेशेवर के रूप में, मैं कई बार इस जादुई क्षण का अनुभव करने के लिए भाग्यशाली रही हूं। लेकिन यह वास्तव में विशिष्ट है और मेरे पसंदीदा में से एक है। उन्होंने कहा, मैंने कभी नहीं सोचा था कि हल्के नीले और सुनहरे रंग का संयोजन दुल्हन की ड्रेस में इतना अच्छा लगेगा, लेकिन जैसे ही इसे अंतिम रूप दिया गया, मेरी क्रिएटिव टीम और मैं परिणाम से रोमांचित थे। मैं इतना उत्साहित थी कि मैं ड्रेस से मेल खाने के लिए सही आभूषण ढूंढने के लिए टीम के साथ घूमी क्योंकि मैं चाहती थी कि यह एकदम सही हो।

## जैस्मीन ने की एयरलाइंस की आलोचना

**मुंबई।** छुट्टियां मनाने के लिए मुंबई से जम्मू जा रही अभिनेत्री जैस्मिन भसीन ने अपने सबसे खराब उड़ान अनुभव के बारे में बात करते हुए एयरलाइंस की जमकर आलोचना की है।




जैस्मीन ने इंस्टाग्राम पर अपनी सेल्फी शेयर की, जिसमें वह फ्लाइट के अंदर अपने सिर पर हाथ रखकर बैठी हुई देखी जा सकती हैं। फोटो में उन्होंने नीला टॉप और धूप का चश्मा पहना हुआ है। फोटो को कैप्शन दिया, जम्मू की जगह दिल्ली पहुंच गई, धन्यवाद । उन्होंने उड़ान के अनुभव को याद किया और बताया कि कैसे उन्होंने विमान में 10 घंटे बिताए और वापस मुंबई में ही उतरीं। अभिनेत्री ने लिखा, यह मेरे जीवन की सबसे खराब उड़ान थी, 10 घंटे से अधिक समय तक विमान में थी, मुंबई से विमान में चला और मुंबई में उतरा, इसलिए मैं कहीं नहीं पहुंची, केबिन क्रू मददगार था और उसने अपना सर्वश्रेष्ठ किया लेकिन मैनेजमेंट और एडमिनिस्ट्रेशन के साथ अनुभव भयानक था।

# सितारों ने पुराने साल को कहा अलविदा
## अब नए साल में नए रोमांच की प्रतीक्षा...

**मुंबई।** हर तरफ नए साल की धूम देखने को मिल रही है। नए साल के लिए बड़े से लेकर छोटे पर्दे के सितारे भी कम एक्साइटेड नहीं है। जहां कुछ स्टार्स अपनी फैमिली और फ्रेंड्स के साथ न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए मुंबई से रवाना हो गए हैं, तो वहीं कुछ सेलेब्स सोशल मीडिया पर फैंस को अपने साल 2023 की कुछ यादगार पलों की झलक दिखा रहे हैं। आइए देखते हैं कि किस-किस सेलिब्रेटी ने इंस्टाग्राम पर अपने साल 2023 के लिए स्पेशल वीडियो शेयर किया है।

**माधुरी दीक्षित :** इंडस्ट्री की 'धक-धक गर्ल' माधुरी दीक्षित ने इंस्टाग्राम पर साल 2023 की यादों से भरा एक खास वीडियो शेयर किया है। अपने इस वीडियो को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, 'उन सभी उतार-चढ़ावों का जश्न मनाना, जिन्होंने इस वर्ष को वास्तव में उल्लेखनीय बना दिया।'

**रवीना टंडन :** केजीएफ 2 से सिनेमा में वापसी करने वाली एक्ट्रेस



रवीना टंडन भी न्यू ईयर 2024 को लेकर काफी खुश हैं और उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपना एक वीडियो भी शेयर किया है। इस क्लिप में वो व्हाइट कलर की शॉर्ट ड्रेस में स्टाइल से वॉक करती दिखाई दे रही हैं और फैंस को न्यू ईयर की बधाई दे रही हैं।

**करिश्मा कपूर :** बॉलीवुड एक्ट्रेस करिश्मा कपूर भी नए साल के सेलिब्रेशन को लेकर काफी एक्साइटेड हैं और उन्होंने अपनी लेटेस्ट फोटो इंस्टाग्राम पर शेयर भी की है। व्हाइट कलर की कुर्ती में वे बेहद खूबसूरत लग रही है और हर किसी को एक्ट्रेस ने अपने नए लुक से दीवाना बना दिया है। फोटो के कैप्शन में करिश्मा ने 'क्रूज आउट ऑफ 2023' लिखा है।

**सोनाली बेंद्रे :** एक्ट्रेस सोनाली बेंद्रे ने भी साल 2023 को अलविदा कहते हुए अपना एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में अदाकारा ने 2023 की अपनी शानदार यादों की झलक फैंस को दिखाई है और उन्होंने वीडियो के कैप्शन में लिखा, '2023 की यात्रा के लिए आभारी हूं। 2024 में नए रोमांच की प्रतीक्षा में!'

**जेनेलिया डिसूजा :** जेनेलिया डिसूजा भी नए साल का स्वागत करने के लिए बेताब हैं और उन्होंने शानदार तरीके से साल 2023 को बॉय-बॉय भी बोला है। जेनेलिया डिसूजा ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट की है, जिसमें वो इस साल की सारी यादों की झलक दिखा रही हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'धन्यवाद 2023–आप दयालु रहे2024 में चलते हुए– यह देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकता कि मेरे लिए क्या है। साल के अंतिम दिन की हार्दिक शुभकामनाएँ, नव वर्ष की शुभकामनाएं।



# आइस स्केटिंग देख खुला रह गया लोगों का मुंह

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस एली अवराम अक्सर अपनी खूबसूरती को लेकर चर्चा में रहती हैं। वह सोशल मीडिया पर भी काफी सक्रिय शख्सियत हैं। एली अक्सर अपने नए प्रोजेक्ट्स और फिल्मी दुनिया से अलग काम कर रही चीजों के बारे में प्रशंसकों के साथ अपडेट साझा करती रहती हैं। हालांकि, इस बार एक्ट्रेस ने एक ऐसा वीडियो शेयर किया है, जिसमें उनका टैलेंट देखकर हर कोई हैरान है। एली के शेयर किए गए वीडियो में हर कोई उनकी अदाओं का दीवाना हो गया है। सामने आए वीडियो में एली को पूरे जोश के साथ आइस स्केटिंग करते हुए देखा जा सकता है।

# साउथ अफ्रीका पहुंचीं अनुष्का पति संग मनाएंगी नववर्ष...



*मुंबई। अभिनेत्री अनुष्का शर्मा अपने पति विराट कोहली के साथ नए साल का जश्न मनाने के लिए मुंबई से रवाना हो गई हैं। एक्ट्रेस की सोशल मीडिया पर लेटेस्ट फोटोज वायरल हो रही है, जिसे देखकर कयास लगाए जा रहे हैं कि वो साउथ अफ्रीका की हैं। वायरल हो रही फोटोज में अनुष्का किसी रेस्तरां में बैठी दिखाई दे रही हैं। एक्ट्रेस की फोटो के ऊपर अनुष्का शर्मा इन साउथ अफ्रीका लिखा हुआ है और उनकी ये फोटोज किसी फैन ने दूर से क्लिक करके सोशल मीडिया पर शेयर की है।*

# नए साल सेलिब्रेट करने मुंबई से रवाना हुए विक्की और कैट...



*मुंबई। नए साल का जश्न मनाने के लिए सेलेब्स लगातार विदेश जा रहे हैं और उनकी वीडियो और फोटोज इंटरनेट पर जमकर वायरल भी हो रहे हैं। बॉलीवुड के मोस्ट पॉपुलर कपल विक्की कौशल और कैटरीना कैफ भी न्यू ईयर सेलिब्रेट करने निकल गए हैं। मुंबई एयरपोर्ट से विक्की और कैटरीना का लेटेस्ट स्पॉटेड वीडियो वायरल हो रहा है। दोनों इस दौरान एयरपोर्ट पर एक-दूसरे का हाथ थामे दिखाई दिए हैं। इससे पहले विक्की और कैटरीना ने खास अंदाज में क्रिसमस मनाया था।*

# सनी ने न्यू ईयर से पहले फैंस को दी खास ट्रीट



*मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस सनी लियोनी न्यू ईयर को लेकर काफी एक्साइटेड हैं और वो खास अंदाज में नए साल का वेलकम करने की तैयारी कर रही हैं। सनी अपनी फैमिली के साथ कश्मीर की वादियों में नए साल का जश्न मनाने वाली हैं और वहां से उनका नया वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। सनी ने इंस्टाग्राम पर अपना नया वीडियो शेयर किया है,जिसमें उनके साथ उनके पति भी दिखाई दे रहे हैं। नए साल का जश्न मनाने के लिए एक्ट्रेस अपनी फैमिली के साथ कश्मीर ट्रिप पर गई हैं।*

## खबर संक्षेप

### मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया 6 से

**सारंगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मतदाता सूची के कार्यों का फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य अधिसूचना जारी किया है। इसके अंतर्गत 6 जनवरी 2024 से मतदाता सूची प्रारूप का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा। इस सूची में जिन मतदाताओं का नाम विलोपित है या सुधार या नाम जुड़वाना हैए वो 6 जनवरी से 22 जनवरी 2024 तक करवा सकते हैं।

### पुरी- ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस का परिचालन रद्द

**रायगढ़।** पूर्व तटीय रेलवे द्वारा पेयरिंग रैक के अत्यधिक देरी से चलने के कारण पुरी से 31 दिसम्बर को रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18477 पुरी योग नगरी ऋषिकेश कलिंग उत्कल एक्सप्रेस को रद्द किया गया है। इसके फलस्वरूप पेयरिंग रैक के अभाव के कारण दिनांक 03 जनवरी 2024 को योगनगरी ऋषिकेश से छूटने वाली गाड़ी संख्या 18478 योग नगरी ऋषिकेशपुरी कलिंग उत्कल एक्सप्रेस भी रद्द रहेगी।

### ग्राम कोतमरा में पुलिस की जनचौपाल

**पुसौर।** पुसौर थाना क्षेत्र के ग्राम कोतमरा में पुलिस और जनसाधारण के बीच सामंजस्य स्थापित करने जिला पुलिस प्रशासन के दिशा निर्देश में थाना प्रभारी एस आर ध्रुव ने अपने टीम के साथ जन चौपाल लगाया जिसमें स्थानीय सरपंच अमीन पटेल एवं पूर्व सरपंच व अन्य पंचायत पदाधिकारी सहित आम नागरिक गण उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में टीआई धुरव, ए एस आई विश्वाल आदि लोगों ने बारी बारी से लोगों अपराध से बचने के साथ साथ आजकल हो रहे सायबर ठगी के बारे में अवगत कराया। इस बीच कुछ लोगों ने अवैध शराब के बारे में शिकायत की जिस पर प्रभारी ने बताया कि इस पर हमारी टीम लगी हुई है।

### पोलिंग बूथों को व्यवस्थित करने मांग

**पुसौर।** पुसौर जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत गढउमरिया के पोलिंग बुथ में वोटरों की संख्या बराबर बराबर न होने से आ रही परेशानी को लेकर यहां के जनप्रतिनिधियों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में उक्ताशय का एक आवेदन प्रस्तुत किया है। जानकारी अनुसार उक्त ग्राम में विधान सभा एवं लोक सभा चुनाव में 4-4 मतदान केन्द्र तथा पंचायत चुनाव में 5 मतदान केन्द्र बनाया जाता है। उक्त केन्द्रों में मतदाताओं की संख्या किसी में कम तो किसी में अधिक है।

### मॉडिफाई साइलेंसर 5-5 हजार का कटा चालान

**रायगढ़।** इन दिनों युवाओं के बीच बाइक बुलेट पर मॉडिफाई साइलेंसर लगाने का क्रेज खूब है पर अब धीरे धीरे वे मोटर मैकेनिक के पास जाकर ऐसे मॉडिफाई साइलेंसर निकलवा रहे हैं और वापस ओरिजिनल साइलेंसर लगा रहे हैंए ऐसा नहीं है कि युवा मॉडिफाई साइलेंसर से बोर हो गए हैं बल्कि रायगढ़ यातायात पुलिस की लगातार कार्यवाही और भारी भरकम चालान से बचा जा सके। रायगढ़ ट्रैफिक पुलिस मॉडिफाई साइलेंसर के विरुद्ध लगातार अभियान चला रही है। त्योहारों के समय युवा मॉडिफाई साइलेंसर लगे वाहनों में फर्राटेदार तेज गति से घूमा करते हैं जिन पर कार्यवाही के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा ट्रैफिक डीएसपी रमेश चंद्रा और सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है।

### हिट एंड रन कानून का विरोध, हड़ताल शुरू

**रायगढ़।** केंद्र सरकार ने संसद में हिट एंड रन के मामले में एक नया कानून पारित किया है। जिसका विरोध ट्रक चालक यूनियन में शुरू करते हुए हड़ताल आरंभ कर दी है। यह देश व्यापी हड़ताल आज से लेकर 3 जनवरी तक की जाएगी। इस हड़ताल की वजह से एक ओर जहां ट्रकों के पहिए थम गए हैं, वहीं दूसरी ओर इसका असर कई तरह से आम लोगों पर पड़ेगा। गौरतलब है कि बीते दिनों संसद में केन्द्र सरकार ने नया हिट एंड रन कानून लागू किया है।

## पुलिस की वार्षिक रिपोर्ट: सालभर में 6561 मामले दर्ज, 5789 निराकृत, 778 लंबित

# गांजा व शराब तस्करों पर जिला पुलिस भारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिला पुलिस ने रविवार की दोपहर कंट्रोल रूम में आयोजित पत्रकारवार्ता में वार्षिक रिपोर्ट पेश की। इस दौरान बताया गया कि वर्ष 2023 में विभिन्न अपराधों पर 6 हजार 561 मामले दर्ज किए गए, जिसमें 5 हजार 789 मामलों का निराकरण किया जा चुका है। वहीं 778 मामले लंबित हैं। इसी प्रकार लूट, डकैती व चोरी जैसे मामले की रिकव्हरी रेट करीब 72 फीसदी रही। बीते वर्ष की तुलना में गांजे की तस्करी पर कार्रवाई में 10 गुना की बढोत्तरी हुई है। वहीं पिछले वर्ष की तुलना में अवैध शराब की कार्रवाई में इजाफा दर्ज किया गया है। साथ ही महिला संबंधी अपराधों में कार्रवाईयों में लगातार बढोत्तरी हुई है,

इस दौरान बताया गया कि जिले के विभिन्न स्थानों में 'कुल 6561 अपराध दर्ज' किए गए जिसमें 5789 प्रकरणों का निराकरण हुआ। जबकि 778 मामले लंबित है। इस प्रकार वर्ष 2023 में कुल निराकरण प्रतिशत 88.14 फीसदी रहा। गंभीर प्रकरणों में इस वर्ष 653 मामले दर्ज हुए जिसमें केवल 91 प्रकरण ही विवेचना में है। जिले में हुई एक्सिक बैंक डकैती के मामले में पुलिस ने रिकार्ड समय में डकैतों को गिरफ्तार कर 5.62 करोड रूपये बरामद किया। इस साल डकैती के 3 मामलों में सभी में आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया है। लूट के अपराधों में भी कमी देखी गई है, पिछले वर्ष जहां 28 लूट के प्रकरण कायम हुए थे, जो इस वर्ष घटकर 14 है। चोरी, नकबजनी के मामलों में भी पिछले साल की तुलना में कमी आई है, पिछले साल कुल चोरी व नकबजनी के 719 मामले थे, जो इस वर्ष घटकर 638 हैं। इस साल संपत्ति संबंधी अपराधों में रिकवरी 72 फीसदी रहा।




### 23086 वाहनों पर 94.37 लाख का जुर्माना

मोटर व्हीकल एक्ट के तहत की गई कार्रवाईयों की बात करें तो पिछले साल जहां 22 हजार 729 वाहनों पर चालानी कार्रवाई करते हुए 95 लाख 29 हजार 400 का जुर्माना लगाया गया, वहीं इस वर्ष 23 हजार 86 वाहनों पर चालानी कार्रवाई कर 94 लाख 37 हजार 700 जुर्माना लगाया गया। वर्ष 2022 में 623 सड़क दुर्घटनाओं में 307 जनहानि हुई और 483 व्यक्ति घायल हुए। वहीं इस साल 616 सड़क दुर्घटनाओं में 316 व्यक्तियों की मौत और 544 व्यक्ति घायल हुए। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने थानों की पेट्रोलिंग, डॉयल 112 के रिस्पांस टाईम को बेहतर करने समय समय पर मीटिंग लेकर पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया जा रहा है।

### 35 लाख 66 हजार रूपए ठगों तक जाने से रोक

साइबर सेल की टीम द्वारा इस वर्ष विभिन्न शिकायत पत्रों पर कार्यवाही करते हुए 35 लाख 66 हजार रूपए ठगों तक जाने से रोक कर बैंक में होल्ड कराया गया। साइबर सेल की कार्रवाईयों से न्यायालय द्वारा 5 लाख 87 हजार 784 रूपए पीड़ितों को रिलीज किया जा चुका है।

### ऑपरेशन मुस्कान ने 106 नाबालिगों को परिजनों से मिलाया

ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने अभियान चलाकर विभिन्न थानाक्षेत्र से इस साल गुम हुये 112 नाबालिगों में से 106 नाबालिगों को ढूंढ निकाला गया। जिसमें कई नाबालिगों को पुलिस द्वारा दूसरे प्रांत से सकुशल वापस रायगढ़ लाया याग। गुम बच्चों की बरामदगी दर 95 फीसदी रही। इसी प्रकार वर्ष 2023 में गुम हुए 498 महिला व पुरूष को पुलिस ने विभिन्न थानाक्षेत्र से खोज कर उनके अपनों से मिलाया गया है ।

### दुष्कर्मियों पर हुई कार्रवाई

महिला संबंधी अपराधों के समयसीमा में निराकरण के निर्देश हैंए इन अपराधों की निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है । जिले के विभिन्न थानों में इस वर्ष दुष्कर्म के 130 प्रकरण दर्ज किये गये हैंए इनमें कई प्रकरणों में रिकार्ड समय में आरोपी को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय पेश किया गया, अब तक 113 प्रकरणों में चालान पेश किये जा चुके हैं, साथ ही इन मामलों की पीड़िता को क्षतिपूर्ति राशि दिलाने जाने की कार्यवाही भी की गई है। वर्ष 2022 में भी दुष्कर्म के 130 मामले सामने आये थे।

### हत्या के मामलों में आई कमी

हत्या के दर्ज अपराधों में भी कमी है, वर्ष 2022 में हत्या के 68 प्रकरण दर्ज थे जो इस साल घटकर 63 मामले दर्ज किए गए हैं। इनमें कई अंधे कत्ल के मामले जैसे नेतनागर में महिला, बच्ची की अधजली लाश का मिलना, मनीष पंडा हत्याकांड, दियागढ़ गोलीकांड, चिराईपानी में 11 वर्षीय बालक की हत्या के मामले में साइबर सेल और पुलिस टीमों ने बड़ी सूझबूझ से आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया।

### 40 प्रकरण में 505 किलो गांजा जब्त

जिले में साल भर अवैध शराब और मादक पदार्थों पर अभियान चलाकर कार्यवाही की गई। वर्ष 2022, जहां 17 मामलों में 55 किलो अवैध गांजा जब्त किया गया था, वहीं वर्ष 2023 में 40 प्रकरणों में लगभग 10 गुना ज्यादा 505 किलो गांजा जब्त किया गया। इसी प्रकार पिछले साल नशीली दवाओं पर कार्यवाही कर 693 नग प्रतिबंधित सिरप, कैप्सूल व इंजेक्शजन को जब्त किया गया था। इस वर्ष 3 हजार 114 नग प्रतिबंधित सिरप, कैप्सूल व इंजेक्शजन जब्त कर इन मामलों में संलिप्त आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट में जेल भेजा गया।

### अवैध शराब पर 3 गुना अधिक कार्रवाई

अवैध शराब के मामलों में पिछले वर्ष की तुलना में बेहद अधिक अवैध शराब की जप्ती की गई है। पिछले साल जहां 3 हजार 214 लीटर देश व विदेशी एवं महुआ शराब जब्त किया गया, जो 3 गुना बढ़कर इस वर्ष 8 हजार 693 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है। वर्ष 2022 में 2 हजार 59 प्रकरण तो वहीं इस वर्ष 2 हजार 260 प्रकरण अवैध शराब पर कार्रवाई के बनाये जा चुकें है।

### प्रतिबंधात्मक कार्रवाई में 29 फीसदी की बढ़ोत्तरी

प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के संबंध में की गई कार्रवाईयों की बात करें तो पिछले वर्ष साल कुल 7 हजार 196 प्रकरण विभिन्न प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्यवाही की गई थी, जो इस वर्ष बढ़कर 9 हजार 271 है। ऐसे में इस वर्ष प्रतिबंधात्मक कार्रवाईयों में करीब 29 की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है।

## सीएम के आदेश पर बिरहोर युवती को मिला आश्रम शाला में रोजगार

**रायगढ़।** जिले के लैलूंगा के भुईयापानी में बीते 29 दिसंबर को बिरहोर परिवारों से मुलाकात और चर्चा के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय पहुंचे थे। वहां उन्होंने आठवीं पास उर्मिला से चर्चा की और अधिकारियों को वहीं से उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश दिये थे। कल शाम ही उर्मिला के लिए कुर्रा आश्रम शाला में दैनिक वेतन भोगी के रूप में रोजगार की व्यवस्था प्रशासन ने कर दी थी। आज उर्मिला ने वहां काम भी आरंभ कर दिया।



इस मौके पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए उर्मिला ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद करते हुए कहा कि कल ही उन्होंने भुईयापानी में मुलाकात के दौरान रोजगार दिलवाने की बात कही थी और आज यहां अपने गांव में ही काम की व्यवस्था हो गई। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री साय के निर्देश के तुरंत पश्चात कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने अधिकारियों को उर्मिला के गांव में ही उसके लिए उचित रोजगार चिन्हांकित करने कहा और इसके पश्चात उर्मिला को इसकी सूचना दी गई। उर्मिला ने बताया कि मुख्यमंत्री से मिलने के बाद उसे बहुत खुशी हुई थी और उसे लगा था कि उसके लिए रोजगार का रास्ता खुल जाएगा। ऐसा लगा था कि कुछ दिनों में रोजगार की व्यवस्था हो जाएगी लेकिन उसी दिन यह हो जाएगा यह सोचा नहीं था। देर शाम उन्हें अधिकारियों ने बताया कि उन्हें अपने ही गांव में आदिवासी आश्रम शाला में रख लिया गया है। उर्मिला ने बताया कि आज से नया काम शुरू कर दिया है। यहां बहुत अच्छा लग रहा है।

### नशे में वाहन चलाया तो होगी कड़ी कार्रवाई

**पुसौर।** बीते शनिवार को पुसौर में कई स्थानों में फर्राटेदार बाईक चालकों के साथ साथ भारी वाहन चालकों का जांच की गई जिसमें उनके वाहन के कागजात के साथ साथ उनके नशे की हालत में होने अथवा सामान्य होने की जांच की गई। उक्ताशय को लेकर थाना प्रभारी एस आर ध्रुव ने बताया कि बोरोडिपा से बाजार चौक तक सघन आबादी क्षेत्र है इस स्थिति में भी यहां चल रहे वाहनों की गति 20 से अधिक रह रही है जिससे संबंधित चालक की स्थिति असामान्य प्रतीत होती है इसलिए जांच प्रारंभ किया गया है। नशे की हालत में चालक पाए जाने पर उन पर कड़ी कार्रवाई होगी। नए साल के जश्न को लेकर पुलिस की सड़क पर कड़ी नजर है।

## समलेश्वरी मंदिर मे चोरों का धावा, छह लाख की चोरी

**रायगढ।** सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के मुख्यालय सारंगढ़ में पुलिस की मुस्तैदी पर लगातार उठ रहे सवालो के बीच शनिवार अलसुबह मां सम्लेश्वरी मंदिर में हुई चोरी से सारंगढ़ में सनसनी फैल गई। प्रतिदिन की भांति मां सम्लेश्वरी मंदिर पहुंचे पुजारी ने देखा कि मंदिर का ताला टूटा हुआ है और सामान बिखरा पड़ा है। समझते देर नही लगी कि मंदिर मे चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। मामले की जा न का री सारंगढ़ पुलिस को देने के बाद मौके स्थल पर पहुंची पुलिस की टीम अभी भी जांच कर रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए डाग स्क्वायड की मदद लिया जा रहा है।

- चांदी का छत्र समेत गहने और नकदी ले उड़े चोर

जानकारी के अनुसार सारंगढ़ के धार्मिक आस्था के प्रमुख मंदिर मां सम्लेश्वरी मंदिर में बीते 30 दिसंबर की रात चोरो ने धावा बोल दिया। स्थानीय राजापारा के राजमहल गिरीविलास पैलेस के प्रांगण में स्थित मां सम्लेश्वरी मंदिर मे चोरो ने चांदी का छत्र सहित लगभग 6 लाख रूपए के सोने चांदी के गहनो के साथ साथ दानपेटी आदि भी ले गये। बताया जा रहा है दानपेटी



मंदिर प्रांगण से दूर बरामद किया गया है जिसके अंदर के रूपये.पैसे भी चोर अपने साथ ले गये है। धार्मिक आस्था के इस प्रमुख केन्द्र मां सम्लेश्वरी के गहनो की चोरी की जानकारी मिलते ही सारंगढ़ मे आक्रोश व्याप्त है। पुलिस की गश्त और कानून का भय का लचीलापन से लोगो में नारजगी है। सप्ताहभर पूर्व बस स्टैंड के मोहन प्रोविजन का शटर तोड़कर गल्ला मे रखे रूपये चोरी किया गया है वही आज मां सम्लेश्वरी मंदिर को चोरो ने निशाना बनाया है। क्षेत्रवासियो ने चोरी की घटनाओ मे लगातार वृद्धि को पुलिस की लापरवाही मान रही है। शीघ्र ही मामले मे पुलिस को सफलता नही मिलती है तो आक्रोश बढ़ सकता है। पुलिस के डाग स्क्वायड की मदद से चोरो का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

### परीक्षा शुल्क अधिक लिए जाने की शिकायत पर कार्रवाई के निर्देश

**रायगढ़।** प्रदेश भर के छात्रों से राज्य भर में ओपन परीक्षाओं हेतु निर्धारित शुल्क से अधिक राशि वसूल किए जाने की शिकायत पर वित्त मंत्री रायगढ़ विधायक ने शिक्षा विभाग से चर्चा कर अधिक राशि वसूली किए जाने वाले केंद्रों के खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिस पर शिक्षा विभाग हरकत में आया और तत्काल प्रदेश भर के शिक्षा अधिकारी को लिखित निर्देश जारी कर दिए गए। विदित हो कि राज्य में होने वाले ओपन स्कूल की परीक्षाओं में परीक्षा केंद्र के द्वारा छात्रों से निर्धारित शुल्क से अधिक शुल्क लिए जाने की शिकायत छात्रों ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी से की थी। ओपी चौधरी ने कहा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राज्य लगभग 400 अध्यन केंद्रों में ओपन स्कूल की परीक्षाओं की प्रक्रिया चल रही है।पिछली सरकार के दौरान जहां छात्र परीक्षा फॉर्म परीक्षा केंद्र में जाकर ऑफलाइन भरते थे वहीं इस वर्ष छात्रों को ऑनलाइन फॉर्म भरने की सुविधा दी गई है। जिसके तहत छात्र किसी परीक्षा केंद्र में आवेदन कर परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं ऐसा इसलिए किया गया है क्योंकि परीक्षा केंद्र में ऑफलाइन फॉर्म भरवा कर छात्रों से निर्धारित परीक्षा शुल्क से अतिरिक्त शुल्क लिया जा रहा था ।

## भारत संकल्प शिविर में शामिल हुए पूर्व विधायक विजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

केन्द्र शासन के लोक कल्याणकारी योजनाएं किन किन लोगों तक पहुंची उनका हाल जानने तथा जिन लोगों तक नहीं पहुंची उनका आवेदन लेने के लिए शासन द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन जारी है जिसमें क्रमिक रूप से प्रत्येक ग्राम पंचायत में शिविर लगाया जा रहा है इसी कड़ी में बीते शनिवार को 2 से 5 बजे तक ग्राम जकेला में शिविर आयोजित हुआ। जिसमें रायगढ के प्रथम भाजपा




विधायक विजय अग्रवाल शामिल हुए इनके साथ नगर पंचायत पुसौर के उपाध्यक्ष मोहित सतपथी, पूर्व सरपंच मुक्तेश्वर पंडा, नावापारा अ उप सरपंच विजय गुप्ता, पूर्व सरपंच रामपुकार ठाकुर, जनपद उपाध्यक्ष गोपी चौधरी सरपंच श्रीमती दुर्गेश्वरी, सचिव गुलवती गुप्ता आदि की उपस्थिति भी रही वहीं शासन के सभी विभागों के स्टालों में संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी भी मौजुद रहे। कार्यक्रम में आवास, उज्वला गैस, किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं का लाभ पाने वाले लोगों ने देश के प्रधानमंत्री के प्रति आभार जताया वहीं जो लोग उक्त योजनाओं का लाभ नहीं ले पाये वे स्टालों में जाकर अपना अपना आवेदन प्रस्तुत किए। स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ भी मौजूद लोगों के द्वारा लिया गया।

## खट्टी मीठी यादों के साथ 2023 की विदाई




हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

**पुसौर।** 140 ग्रामों का तहसील, 88 पंचायतों का जनपद, 120 ग्रामों का थाना, 15 वार्डो का नगर पंचायत पुसौर सहित समुचा तहसील क्षेत्र पुसौर बीते 2023 कई तरह के खट्टी मिठी और कडवी यादों को समेट कर चली गई लेकिन उसकी यादें जेहन में ऐसी अमिट छाप छोड गया है जिसे ताउम्र याद रखने लोग विवश होंगे। ये यादें सरकार के मुख्य विभागों व संगठित समाज के लोगों से सामने आई है।

तहसील कार्यालय पुसौर प्रमुख तहसीलदार शिवम पाण्डे के मुताविक उनके कार्यकाल में रेंखांकित करने लायक कोई मामला नहीं है। मुख्यालय पुसौर के पेट्राल पंप के बगल से रायगढ बदहाल पहुंच मार्ग सरकारी लाचारी का ऐसा शिकार हो गया जो लाईलाज बीमारी बन गया। 88 पंचायतों के संचालन करने वाले सीईओ महेश पटेल के स्थानांतरण के बाद यहां अभिशेक बनर्जी आये जिन्हें कुछ ही महिने हुये हैं। विशेष मान्यता प्राप्त गोठान के नाम से सुपा तरडा पंचायत चिन्हांकित रहे वहीं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नावापारा अ मुनीचुआ आने से ये सुर्खियों में रहा। थानाप्रभारी एस आर ध्रुव पुसौर थाने में दो बार पदस्थ हुए है। सुरक्षा और यातायात तथा अपराध के मद्देनजर 2023 में हुए सडक हादसों के अलावे कोई संगीन अपराध का मामला नहीं बना लेकिन एक करूंणा भरी खबर यह है कि गायत्री मंदिर के पास सडक दुर्घटना में 3 साल की बच्ची को अपनी जान गंवानी पडी जिसका प्रत्यक्ष दोशी पर कोई दण्डात्मक कार्यवाही नहीं हुई। नगर पंचायत पुसौर के 15 वार्डो में कहीं भी कोई उल्लेखनीय कार्य होने की खबर सामने नहीं आया है वहीं धीमें और दबे हुए स्वर में शासकीय राशि का दुरूपयोग होने का आरोप लगते रहे। मुख्यालय पुसौर के लगभग 150 साल पुराना जगन्नाथ मंदिर को तोड दिया जाना इतिहास का एक ऐसा अध्याय बना जिसमें 2005 से निर्मित आखडा भवन को तोडना भी शामिल है। ज्ञात हो कि वर्ष 2005 में भाजपा सांसद अजगल्ले के अनुशंसा में रामलीला समिति के सदस्यों के श्रमदान से कथित आखडा घर निर्मित था।

2023 ने पुसौर के कुछ लोगों को हमेशा इतिहास के पन्नों पर दफन कर दिया जिसमें स्थानीय रामलीला में रावण की भूमिका निभाने वाले प्रसिद्ध तेजराम गुप्ता नहीं रहे इसी क्रम में विश्वनाथ निषाद, हरिप्रिया माली, बासुदेव गुरूजी, पुरूषोत्तम पंडा, वादक सचित्र साव सहित अन्य लोग रहे वहीं बीईओ रहे वेदालंकर को पत्नि शोक हुआ। पुसौर में 4 दिशा के 4 श्मशानों में सैकडों पौधे रोपित कर उसके विकास के लिये कारगर कदम उठाए गए हैं वहीं लोग अपने प्रियजनों के नाम के पौधे भी लगाए है। 2023 में विधानसभा चुनाव हुए जिसमें प्रदेश में जहां सरकार बदली वही पुसौर क्षेत्र को एक कलेक्टर विधायक के रूप में मिला जिसे लोगों का अभूतपूर्व समर्थन मिला। बहरहाल नई सरकार के आते ही पुसौर क्षेत्र वासियों की उम्मीदें भी बढी हैं देखना है स्थानीय निवासियों को मुलभुत सुविधा मुहैया कराने और लंबे समय से लंबित समस्याओं को दुर करने में क्षेत्र के लाडले विधायक ओपी चौधरी कितने सफल होते हैं।

### दो माह में 30 दिन होंगे वैवाहिक आयोजन

**रायगढ।** आगामी वर्ष 2024 में 16 जुलाई को देवशयनी एकादशी के बाद चातुर्मास लगने के चलते फिर नवम्बर तक विवाहों पर विराम लग जाएगा। नए साल में कुल 69 दिन विवाह सहित अन्य मांगलिक कार्य किए जा सकते हैं। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार वर्ष 2024 में 30 अप्रेल को शुक्र तारा अस्त हो जाएगा। इसके बाद 7 मई को गुरु का तारा अस्त हो जाएगा। तारा अस्त होने के दौरान विवाह नहीं होंगे। 16 जुलाई को देवशयनी एकादशी 16 जुलाई को देवशयनी एकादशी है। चातुर्मास के चलते 16 जुलाई से 12 नवंबर तक भी विवाह नहीं होंगे। इसके अलावा 15 मार्च से 16 अप्रेल के बीच मीन राशि की संक्रांति होने के कारण खरमास रहेगा और विवाह इस दौरान नहीं हो सकेंगे।

## राष्ट्रीय ओपन कराते चैंपियनशिप में राज्य टीम ओवरऑल चैंपियन



**तमनार।** बालाजी विद्या मंदिर देवेंद्र नगर रायपुर में आयोजित 27 वी राष्ट्रीय ओपन कराटे चेम्पियनशिप में महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, आंध्रप्रदेश, ओडिशा, हरियाणा, झारखंड एवंए छत्तीसगढ़ से 400 खिलाड़ियों ने 27 दिसम्बर को हिस्सा लिया था जिसमे राज्य टीम में रायगढ़ जिले के 3 खिलाड़ियों ने भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए काता कुमिते इवेंट के 3 पदकों पर कब्जा किये चेम्पियन का खिताब जीत लिए मुख्यातिथि योगेश अग्रवाल अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राईस मिल एसोसिएशन फ़िल्मि अभिनेता, कराटे संघ के अध्यक्ष सनत राठौर, डायरेक्टर सन्तोष गुप्ता, सचिव वरुण पाण्डेय, कोच रूखमणी रानू के उपस्थिति में सभी खिलाड़ियों और सभी कोच को सम्मानित किया गया, पदक विजेताओं का सूची निम्नानुसार है। विनीता कसेर गोल्ड मेडल, साधना कसेर गोल्ड मेडल, हिमानी बारेठ ब्राउन मेडल।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
बिलासपुर, रायपुर से होकर
स्पेशल ट्रेन
12 फरवरी से 18 फरवरी 2024 तक
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ,
श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, स्टेच्यु ऑफ यूनिटी/माउंट आबू
ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-15,500/-, 2 एसी 19,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।